महकमे से आया है उस में यह नहीं कहा गया है कि सिर्फ एक संशोधन मंजूर किया सदन ने बल्की यह कहा गया है कि उस संशोधन पर विवाद हुआ और हो हल्ला हुआ। पत्रकार का यह एक तरीका है, डिसटार्ट करने का यह तरीका है कि उसको ऐसा रूप दिया जाए ताकि उसका जो नक्शा है वह ही दूसरा हो जाए। इस माप से और इस दृष्टिकोण से यह बिल्कुल साफ है कि सदन में जो 17 तारीख को कार्रवाई हुई और जो संशोधन कबूल किए गए, दो मेरे और एक श्री साल्वे का, उसको उसने तोड़ मरोड़ कर और उसकी कार्रवाई को मिसरिप्रिजेंट करने की आकाशवाणी ने कोशिश की और ऐसा करके उसने इस सदन की मर्यादा का भंग किया। इस वास्ते यह मामला विशेषाधिकार समिति के सामने जाना चाहिये। जो जवाब आपके पास आया है वह बिल्कुल असन्तोषजनक है। न्यूज वैल्यू किस को कहते हैं ?

When a dog bites a man, that is not news, but when man bites the dog, that is news.

यह एक गम्भीर विषय है। हम गम्भीरता से किसी विषय को उठाएं और हो हल्ला न करें तब तो कोई न्यूज वैल्यू नहीं और अगर हो हल्ला करें तो उसकी ज्यादा न्यूज वैल्यू हो जाती है। यह जरनलिज्म का तरीका है।

मैं चाहता हूं कि जो जवाब आपके पास आया है उस पर आप बहस का मौका दें। मैं यह भी चाहता हूं कि इस मामले को आप प्रिवलेज कमेटी के सामने पेश करें जो पता लगाए कि क्या सदन की मर्यादा का भंग हुआ है या नहीं। इस तरह की कार्रवाई आकाशवाणी की तरफ से बराबर चलती रहती है। हम लोगों को इगनोर किया जाता है। खास खास लोगों को सामने रखने की कोशिश होती है। इस वास्ते मैं चाहता हूं कि इस मामले को आप उस कमेटी के सामने भेजें।

MR. SPEAKER : You cannot compel them. This is not a privilege.

MR. SPEAKER : I have studied it. It is not a question of privilege. But I can invite the attention of the Minister to that. Akashvani and even some papers, should be careful when proceedings of the House are broadcast.

श्री शिव चन्द्र झा : सुना नहीं कुछ।

MR. SPEAKER : I do not hold it in order. Shri Pant.

12.16 hrs.

PAPERS LAID ON THE TABLE

WEST BENGAL MAINTENANCE OF PUBLIC ORDER ACT, 1970 AND PUNJAB STATE FACULTY OF AYURVEDIC AND UNANI SYSTEMS OF MEDICINE (RECONSTITUTION AND REORGANISATIONS) ORDER, 1970

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS, AND MINISTER OF STATE, DEPARTMENTS OF ELECTRONICS AND SCIENTIFIC AND INDUSTRIAL RESEARCH (SHRI K.C. PANT) : I beg to lay on the Table—

(1) A copy of the West Bengal Maintenance of Public Order Act, 1970 (President's Act No. 20 of 1970) published in Gazette of India dated the 30th November, 1970, under sub-section (3) of section 3 of the West Bengal State Legislature (Delegation of Powers) Act, 1970. [*Placed in Library. See No. LT-4469/70.*]

(2) A copy of the Punjab State Faculty of Ayurvedic and Unani Systems of Medicine (Reconstitution and Reorganisation) Order, 1970 (Hindi and English versions) published in Notification No. S.O. 3711 in Gazette of India dated the 10th November, 1970, under sub-section (5) of section 4 of the Inter-State Corporation Act, 1957. *Placed in Library. See No. LT-4470/70.*]